बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग
आदेश

सं० सं०–17/विविध 1–280/2026 पटना, दिनांक :– / /2026

श्री अर्जुन ठाकुर, पटना सिटी द्वारा दायर परिवाद दिनांक–06.07.2026 के संबंध में विभागीय पत्रांक–1094(17), दिनांक–31.08.2026 द्वारा परिवादी के अंकित पते पर प्रेषित पत्र के माध्यम से परिवाद की लिखित सम्पुष्टि करते हुए साक्ष्य सहित शपथ–पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया, किन्तु परिवादी के पते पर उक्त प्रेषित पत्र को डाक विभाग द्वारा विभाग को वापस कर दिया गया है।

2. अतः सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के परिपत्र संख्या–945, दिनांक–24.06.2005 की कंडिका–4(6) में निहित प्रावधान के आलोक में परिवाद के पक्ष में लिखित सम्पुष्टि एवं साक्षय सहित शपथ–पत्र अप्राप्त रहने के कारण समीक्षोपरान्त उक्त परिवाद को संचिकास्त किया जाता है।

3. उक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–सयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–17/विविध 1–280/2026 – 1348(17) पटना, दिनांक :–12/10/2026

प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।